## खबर संक्षेप

### बाघिन के हमले से एक महिला की मौत, एक घायल

**उमरिया।** उप संचालक बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि 27 जनवरी को दो महिलाएं निवासी चंसुरा लकड़ी बीनते हुए सुबह 10 बजे वन परिक्षेत्र पनपथा कोर के बीट चंसुरा कक्ष क्रमांक आर एफ 451 स्थान जरवाही सीमा लाईन के अन्दर प्रवेश कर गई, वहां मादा बाघ के हमले में एक महिला की मौत व एक महिला घायल हो गई। घायल महिला तिरासी बाई पति रामबहोर कोल उम्र 35 वर्ष को तत्काल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र मानपुर में एडमिट कराया गया व मृत महिला भूरी बाई पति मिजाजी कोल उम्र 50 वर्ष का एसडीएम मानपुर, वन विभाग व पुलिस विभाग की उपस्थिति में पोष्ट मार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया। वन विभाग द्वारा हाथी व वाहन की सहायता से बाघ की लगातार निगरानी की जा रही है।

### 197 लीटर शराब जप्त

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु 01 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 27 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 33 स्थानों पर दबिश देकर कुल 197 लीटर कच्ची शराब जप्ती की गई।

### 210 आरोपियों के विरूद्ध हुई कार्यवाही

**शहडोल।** आगामी लोकसभा निर्वाचनको दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में पुलिस द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में थाना प्रभारियों द्वारा 27 जनवरी को 179 प्रकरण में कुल 137 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### जुआं खेलते 10 पकड़ाये

**शहडोल।** अमलाई थाना क्षेत्रांतर्गत 27 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जंगल दफाई एवं अमलाई में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से रूपये पैसे की हारजीत का दांव लगाकर खेल रहें हैं। सूचना पर अमलाई पुलिस द्वारा दबिश देकर फड़ से जुआरी मनोज सिंह उम्र 44 वर्ष, लालचन्द्र बसोर उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी मंगली बाजार, रामसजीवन सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी बकहो,संजय यादव उम्र 28 वर्ष निवासी अमलाई बस्ती के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 65,000 रूपये जप्त किया गया एवं अमलाई में वैशाखु कोल उम्र 35 वर्ष, गोलू कोल उम्र 30 वर्ष, दद्दू कोल उम्र 25 वर्ष सभी निवासी धनपुरी के संयुक्त कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं 1,500 रूपये जप्त किये गए। इसी प्रकार थाना सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत सूचना प्राप्त हुई कि बलपुरवा बस स्टेण्ड के पास में कुछ व्यक्ति जुआं खेल रहे है, सूचना पर सोहागपुर पुलिस द्वारा फड़ से जुआरी विष्णु चौधरी उम्र 42 साल निवासी घरौला मोहल्ला, अनिल कुशवाहा उम्र 36 साल निवासी सिंहपुर रोड पुट्टीवाड़ा, जसवीर सिंह उम्र 46 साल निवासी न्यू बस स्टैण्ड बलपुरवा, अमन चौधरी उम्र 23 साल निवासी न्यू बस स्टैण्ड कुदरी रोड, रज्जू चौधरी उम्र 42 साल निवासी न्यू बस स्टैण्ड सोहागपुर के संयुक्त कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 800 रूपये जप्त किये गए। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने पर हुई कार्यवाही

शहडोल। कोतवाली पुलिस द्वारा 27 जनवरी को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 101 चालानों में 40,800 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

# महोबला से महाकाल करा रहा करकटी की ईटीपी पर अवैध खनन

## खनिज अधिकारी और कलेक्टर ने दी छूट

### बिना पर्यावरण अनुमति के महोबला में उतरे भारी मशीने

मशीनों से रेत के खनन व अवैध उत्खनन को लेकर शोर मचा है। बेधड़क रेत निकाली जा रही है और खनिज महकमा खामोश बैठा है। ठेका कंपनी द्वारा सोना का सीना बहुत बेदर्दी से छलनी किया गया है। नजारा पिछले सालों से अधिक भयावह है, ठेका कंपनी द्वारा जिम्मेदारों के संरक्षण में बगैर पर्यावरण स्वीकृत के ही उत्खनन शुरू कर दिया है, लेकिन खनिज अमला मौनी बाबा बना हुआ है।



उमरिया।

रेत उत्खनन के नाम पर नदियों को माफिया और खनन कंपनियों के सुपुर्द कर दिया गया है। मोटी रकम देकर रेत खदानों का ठेका लेने वाले बाबा महाकाल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी मोटी कमाई के फेर में नदियों का इस कदर दोहन कर रहे हैं कि इनका अस्तित्व ही संकट में आ गया है। जिसे लेकर एनजीटी, खनिज व राजस्व अमला मूक दर्शक बनकर रह गया है। नदियों के सीने को मशीनों के पंजों से खरोंचा जा रहा है और इसकी धार को भारी-भरकम हाइवा रौंद रहे हैं। बड़ी-बड़ी मशीनें लगातार दिन-रात रेत का उत्खनन किया जा रहा है। रेत निकालने के लिए ठेकेदार ने सभी नियम व शर्तो को ताक पर रख दिया है। माफिया भी बेरोक-टोक खनन के बाद हैवी वाहनों से परिवहन कर रहे हैं।

### कायदों की चढ़ा रहे तिलांजलि

रेत खनन कारोबारी ने नदियों में ताडंव मचा रखा है, शहडोल और उमरिया जिला की सीमा पर स्थित बल्हौड़ से सटे क्षेत्र में हैवी मशीनें लगाकर रेत का खनन करा रहे हैं। इतना ही नहीं नदियों के भीतर लंबी सडक़ भी बना ली है। नदियों की बीच गहराई तक रेत खनन हो रहा है। इसके साथ ही नदी में पहाड़ की तरह रैंप भी बना दिए हैं। खदान में नदी की धारा में अवैध खनन कर रेत निकाल रहे हैं। महोबला से रेत खदान से ठेका कंपनी रेत निकाल रही है और करकटी की ईटीपी थमाई जा रही है, महोबला रेत खदान को पर्यावरण स्वीकृत न मिलने के चलते कायदों के अनुसार वहां से उत्खनन करने की अनुमति नहीं है, लेकिन ठेका कंपनी द्वारा कायदों की तिलांजलि चढ़ाते हुए नदी का सीना छलनी किया जा रहा है।

### एनजीटी के कायदों को ठेंगा

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश की अगर बात करे तो उन्हें केवल सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही रेत उत्खनन करने का आदेश दिया गया है, जिसके लिए बाकायदा पिटपास भी जारी किए जाते है, लेकिन इस नियम को ठेंगा दिखाकर रात के अंधेरे में महोबला खदान का सीना चीरकर रेत निकाली जा रही है, मजे की बात तो यह है कि अभी तक मुहबोला रेत खदान को पर्यावरण की स्वीकृति नहीं मिली है, लेकिन खनिज विभाग से सांठ-गांठ कर ठेका कंपनी ने नदी में विशालकाय दानव उतार दिये हैं, जो दिन-रात नदी का दोहन कर रहे हैं। हालाकि कहा जाता है कि जिन खदानों की स्वीकृति मिल भी गई है, वहां भी ठेका कंपनी द्वारा दी गई लीज के चिन्हाकित क्षेत्रों में खुदाई कर रेत नहीं निकाली जा रही है, विधिवत अगर विभागीय जांच की जाए तो, ठेका कंपनी द्वारा चिन्हांकित जगहों से भी हटकर खुदाई कर अवैध रेत निकाला जा रहा है।

### कंपनी लगा रही प्रशासन को चूना

जिले में अवैध रेत उत्खनन का काला धंधा बढ़ता ही जा रहा है और प्रशासन इस पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है, सोननदी पर बाबा महाकाल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा रेत उत्खनन का ठेका लिया गया है। जिसका काम 25 जनवरी से शुरू भी कर दिया गया है, लेकिन वैध खदान में खुलेआम अवैध काम किया जा रहा है, मानपुर तहसील के बलौंढ में सोन नदी के महोबला खदान से रेत ठेका कंपनी द्वारा निकाली जा रही है, लेकिन ईटीपी पाली तहसील के करकटी खदान से जारी हो रही है, 28 जनवरी को सोननदी के मुंहबोला खदान से ट्रक क्र-एमपी 18 एचए 3303 में रेत लोड की गई पर टीपी क्रमांक-4532528980, पाली तहसील के करकटी खदान की दी गई। सूत्रों की माने तो बाबा महाकाल मिनिरल्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी और कई खदानों का संचालन करती है। खनिज संपदा का भरपूर दोहन कर कंपनी रायल्टी के नाम पर मनमानी करते हुए शासन को चूना लगाने का काम कर रही है।

### ऐसे कर रहे अलग खेल

रेत ठेका कंपनी द्वारा ऊंचे दामों पर दूरदराज जिलों में रेत बेच रहे हैं, ऐसा नहीं हो सकता कि इतनी बड़ी तस्करी की खबर सरकारी तंत्र को ना हो, बिना सरकारी संरक्षण के यह कारोबार चलाना मुमकिन नहीं है, मुख्य मार्ग से बिना जांच के फर्राटे भरने वाले वाहनों पर कार्रवाही नहीं होने से प्रशासन और पुलिस की साख पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है, मोहबला रेत खदान में नदी की धार के साथ छेड़छाड़ ठेका कंपनी द्वारा की गई है, सबसे बड़ा पहलू यह है कि जब ईटीपी सतना के लिए जारी हो रही है तो, रेत आखिर नौगाद कैसे पहुंच रही है, जबकि सतना से नागौद की दूरी 40 किलोमीटर है। ठेका कंपनी द्वारा किये जा रहे अवैध कृत्य के चलते प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है, लेकिन इससे ठेका कंपनी का अवैध कृत्य के लिए मनोबल मजबूत हो रहा है।

### यह भी कहते हैं कायदे

कायदों के अनुसार ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय पर खदान स्थल पर सूचना पटल लगाया जाना चाहिए, सूचना पटल पर विभिन्न जानकारियां यथा-खदान, खसरा क्रमांक, रकबा, ठेका अवधि, ठेकेदार का नाम, पता तथा मोबाइल नंबर, विक्रय दर प्रदर्शित करना होगा, यह जानकारी विभागीय वेब पोर्टल पर भी प्रदर्शित की जायेगी, लेकिन बाबा महाकाल मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के कारिंदों द्वारा खनिज अधिकारी और कलेक्टर से मिली छूट का फायदा उठाते हुए नदियों का दोहन शुरू कर दिया है, नदियों में मशीनों का उपयोग पांच हेक्टेयर तक वाली खदानों में नहीं हो सकता। निर्धारित एरिया के बाहर खनन कर रेत नहीं निकाली जा सकती है। पानी वाले क्षेत्र में अधिकतम 3 मीटर की गहराई तक ही खनन किया जा सकता है, लेकिन जिले में इसके उलट चल रहा है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो, आने वाले दिनों में नदी अपने अस्तित्व की तलाश करती नजर आयेगी।

### इनका कहना है

मोहबला की खदान की अनुमति अभी नहीं मिली है, यदि अवैध उत्खनन और करकटी खदान की ईटीपी काटकर वहां बेची जा रही है, तो यह अपराध है, हम मामले की जांच करेंगे।

**दिवाकर चतुर्वेदी**
**खनिज निरीक्षक उमरिया**

मैं एक हफ्ते से अवकाश पर थी, अभी वापस लौट रही हूं, सोन नदी के मोहबला नामक खदान से अवैध उत्खनन की जानकारी नहीं है, कल पहुंचकर ही जांच की जायेगी।

**फरहत जहां**
**खनिज अधिकारीउमरिया**



# गणतंत्र दिवस पर भिड़े अध्यक्ष-पार्षद

## वार्ड पार्षद ने अध्यक्ष की उदासीनता पर किया प्रहार



शहडोल।

नगर परिषद बकहो में आयोजित गणतंत्र दिवस का पर्व कुछ ही समय में द्वंद्व का अखाड़ा बन गया। इस अवसर पर विकास कार्यों को लेकर वार्ड नंबर चार की पार्षद रेखा महेन्द्र सिंह ने जमकर आक्रोश जताया। उन्होने अध्यक्ष मौसमी केवट पर निशाना साधा और उन पर उदासीनता का आरोप लगाया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सिंह ने कहा कि परिषद का गठन हुए लगभग डेढ़ वर्ष से अधिक का समय गुजर चुका है, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार के विकास कार्यो कि शुरुआत तक नही हो सकी हैं।

पार्षद श्रीमती सिंह ने परिषद की अध्यक्ष मौसमी केवट के ऊपर विकास कार्यो मे उदासीनता बरतने का खुलकर आरोप लगाया। साथ ही कहा कि हमें हमारे वार्ड की जनता ने चुना हैं, हमारी उसके प्रति जवाब देही बनती हैं कि वार्ड वासियो की समस्या का समाधान करने के साथ साथ हम अपने वार्ड मे विकास कार्य कराएं। लेकिन अध्यक्ष की उदासीनता के कारण सारे काम ठप्प पड़े हैं। उन्हें जनता की समस्या से कोई सरोकार ही नही रह गया हैं। श्रीमती सिंह का गुस्सा मंच पर फूटते देख वहाँ मौजूद अन्य पार्षदो व नागरिको ने उनकी बात का समर्थन करते हुए इसे ज़ायज ठहराया। विदित हो कि नवगठित नगर परिषद का चुनाव हुए लगभग डेढ़ वर्ष गुजर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी द्वारा यहाँ वार्ड क्रमांक 4 से निर्वाचित पार्षद रेखा सिंह को अध्यक्ष पद के लिए अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया था। लेकिन वार्ड क्रमांक 4 से भाजपा पार्षद चुनी गयी मौसमी केवट ने पार्टी से बगावत करते हुए भाजपा अध्यक्ष पद की प्रत्याशी श्रीमती सिंह के खिलाफ अपनी दावेदारी ठोक दी थीं। जिसके बाद और विपक्ष के साथ सांठ गाँठ करके वह स्वयं अध्यक्ष पद पर दो मत से विजयी हो गयी थीं। उसके बाद अध्यक्ष की कुर्सी मे आशीन होने के बाद श्रीमती केवट ने विकास कार्यो मे कोई रूचि नही दिखाई। अब ज़ब जनता पार्षदो से सवाल कर रहीं तो फिर उनका अध्यक्ष पर भड़कना जायाज़ हैं। बहरहाल इस प्रतिद्वन्दता के कारण पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी रही श्रीमती सिंह के वार्ड की उपेक्षा की जा रही हैं। जिसका आरोप उन्होंने भरे मंच से परिषद की अध्यक्ष पर लगाया हैं।

# 56 अधिवक्ताओं का एडीजी व चेयरमैन ने किया सम्मान

बुढार।





अधिवक्ता संघ बुढार के द्वारा रविवार को न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस दौरान सैकड़ा भर से अधिक अधिवक्ता मौजूद थे और स्थानीय प्रबुद्ध जनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश चंद्र सागर के साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ता एवम को चेयरमैन स्टेट बार कौंसिल मध्यप्रदेश दिनेश नारायण सिंह पाठक तथा अन्य अधिवक्ता मौजूद थे, कार्यक्रम का आयोजन अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष आलोक राय तथा सचिव मनोज गौतम आदि की अगुवाई में किया गया , आयोजन समिति में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता जयकांत मिश्र, संत शरण मिश्रा की सहभागिता रही, अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोपरि मानते हुए लगभग 56 अधिवक्ताओं का यहां पर सम्मान किया गया। रविवार के दोपहर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने जहां अपना उद्बोधन दिया, वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वरिष्ठ अधिवक्ता जयकांत मिश्र, अधिवक्ता आलोक राय,अधिवक्ता रावेंद्र तिवारी आदि ने भी अपनी बातें रखीं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश चंद्र सागर ने इस दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि आम जनों को न्याय दिलाने में आज अधिवक्ता न्यायपालिका और प्रशासन के बीच की कड़ी है, उन्होंने कहा कि अधिवक्ता आज आमजन और पुलिस तथा माननीय न्यायालय के बीच की एक ऐसी कड़ी है जिसे नकारा नहीं जा सकता, उन्होंने कहा कि आज अधिवक्ताओं की मेहनत और उनके द्वारा माननीय न्यायालय में की जा रही पैरवी के कारण ही सही को सही और गलत को गलत ठहराया जा सकता है, उन्होंने यह भी कहा कि हमारा पुलिस विभाग तो शिकायतों को प्राप्त करने के बाद उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करता है, लेकिन इन सब के बीच सही और गलत को साबित करने का काम एक अधिवक्ता ही करता है, अधिवक्ताओं की मेहनत को नकारा नहीं जा सकता। वहीं एडीजीपी ने कहा कि अधिवक्ता हमारे समाज की रीढ़ है उन्होंने आगे कहा कि बुढ़ार में आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक है,इससे पहले भी मैं कई स्थानों पर कार्यरत रहा हूं,लेकिन कहीं भी इस तरह अधिवक्ताओं में एक जुटता और आपसी स्नेह मुझे देखने को नहीं मिला, इसी तरह वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश नारायण पाठक ने कहा कि चार दशक से अधिक का समय शहडोल में मुझे हो चुका है, बुढार के अधिवक्ताओं से भी खासा लगाव है और अक्सर में यहां पर आता रहता हूं, आज अधिवक्ता सिंह बुढार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जो एकजुटता और जो सम्मान मुझे मिला है वह मुझे हमेशा याद रहेगा। श्री पाठक ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव होने हैं लेकिन उसके बाद भी सभी अधिवक्ता साथी इस चुनाव की प्रतिस्पर्धा को छोड़ जिस तरह एकजुट है, वह अभूतपूर्व है। शहडोल मुख्यालय ही नहीं बल्कि शहडोल जिले के इतिहास में या पहला मौका था जब बुढार न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 56 अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष आलोक राय ने इस दौरान कहा कि हमारा उद्देश्य सभी अधिवक्ताओं को एकजुट करना और उन सबको न्याय दिलाना है, उन्होंने कहा कि आज अधिवक्ता संघ उन सब अधिवक्ताओं के साथ खड़ा है, चाहे चुनाव के समय वह हमारे पक्ष में हो रहे हो या फिर विपक्ष में यह बात कहीं भी मायने नहीं रखती, जो अधिवक्ता है वह हमारे साथ है और पूरा अधिवक्ता संघ उनके साथ खड़ा है, आलोक राय ने यह भी कहा कि आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए पूरे प्रयास किए जाते हैं और मैं आयोजन समिति के जयकांत मिश्र और संत शरण मिश्र को इसके लिए बधाई भी देता हूं।

एडीजीपी दिनेश चंद्र सागर और वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश नारायण पाठक के द्वारा शाल श्रीफल और मोमेंटो देकर अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। अधिवक्ता संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम रविवार की दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुआ और देर शाम 5 से 6 बजे के बीच कार्यक्रम का समापन हुआ, इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता तथा अन्य नागरिकों का सम्मान किया गया, वरिष्ठ अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से हनुमान प्रसाद शर्मा,कामता प्रसाद गौतम, श्रीमती सरोज जैन, अरुण कुमार शर्मा,मोहम्मद अली अंसारी, नारायण प्रसाद शुक्ला, प्रदीप सिंह बघेल, अजय सोनी, सत्यभान प्रसाद मिश्रा, ओमप्रकाश पांडे, अशोक शर्मा, रावेंद्र प्रसाद तिवारी, नत्थू लाल सोनी, आनंद कुमार जैन, मुरारी सिंह,विजय कुमार पांडे, जोगेंद्र सिंह बघेल, निलेश कुमार पांडे, मनोज श्रीवास्तव , कृष्ण कुमार पाठक, कमलापति त्रिपाठी, वीरभान सिंह,विजय कुमार त्रिपाठी, कृष्ण कुमार पाठक,सत्येंद्र शुक्ला, उमेश नामदेव, नियाज अहमद,सुशील कुमार मिश्रा, संतोष शुक्ला, राजू प्रसाद राव, अरुण कुमार द्विवेदी, रामकृष्ण गुप्ता, प्रकाश कुमार पाल, देवेंद्र कुमार जैन, विद्या भूषण शुक्ला, उमेश अवस्थी,नंदकिशोर नामदेव, मनोज कुमार पांडे,कमलेश पांडे,राजेश सोंधिया, सुरजन सिंह परमार एवं अरविंद साहनी आदि उपस्थित रहे, इसके साथ ही अधिवक्ता सत्यनारायण पांडे अधिवक्ता कैलाश लालवानी संतोष टंडन संजय ओटवानी विष्णु शुक्ला आदि ने भी इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई प्रेषित की।

# भारत पर्व पर मान्या पाण्डेय के गीतों की हुई मनमोहक प्रस्तुति

### स्वराज संस्थान, संस्कृति मंत्रालय व जिला प्रशासन द्वारा भारत पर्व का किया गया था आयोजन

**शहडोल।** स्वराज संस्थान संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के व्दारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या में शुक्रवार को नगर पालिका स्थिति मानस भवन में भारत पर्व का आयोजन जिला पंचायत सीईओ आर. के. जैन, अपर कलेक्टर रामानुज टप्पों, एसडीएम अरविंद कुमार साह की उपस्थिति में किया गया है। जिसमें मध्य प्रदेश स्वराज संस्थान संस्कृति विभाग को ओर से देश की सबसे छोटी लोक गायिका एवं विन्ध्य की बेटी मान्या पाण्डेय ने देश भक्ति बघेली लोकगीत, आदिवासी कर्मा एवं विन्ध्य के संस्कार गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। मान्या के गीतों को सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये और सब ने मान्या पाण्डेय के मधुर गीतों



की खुलकर प्रशांसा की।

लोक गायिका मान्या पाण्डेय के साथ हारमोनियम में लोक बालक कपिल तिवारी, ढोलक में रविन्द्र तिवारी, बैन्जो में कर्णवीर सिंह तबला में पवन कुमार शुक्ला, पैड में नीरज बैरागी, मंजीरा में कमल पाण्डेय ने संगीत में सहभागिता निभाई। स्वराज संस्थान संस्कृति मंत्रालय प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या में भारत पर्व का आयोजन करता है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोकदल एवं लोक नृत्य दलों की प्रस्तुति कराई जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष देश की सबसे छोटी लोकगायिका विंध्य की बेटी मान्या पाण्डेय को शहोल में भारत पर्व के अवसर पर बघेली लोकगीत प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। 13 वर्ष की विंध्य क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त लोक गायिका इसके पूर्व शहडोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के दौरान धरती कहे पुकार के कार्यक्रम की प्रस्तुति दे चुकी हैं। मान्या पाण्डेय अब तक देशभर में 300 से ज्यादा मंचीय कार्यक्रम कर चुकी हैं और उन्हें भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय, मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग, आदिवासी लोक संग्रहालय भोपाल, जन संपर्क विभाग भोपाल आदि विभिन्न संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# रामरय रहा करकेली में गणतंत्र दिवस पर्व का आयोजन

उमरिया जिले के ग्राम पंचायत करकेली प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा लहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत करकेली की सरपंच संगीता भैया बहादुर सिंह के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत माता के तैल्य चित्र का पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी गई,




नौरोजाबाद।

तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जहाँ पर ग्राम पंचायत करकेली के आस पास के विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति को देखकर उपस्थित जनसमूह और अथिति गण देश भक्ति के रंग में रंग गए, सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति के अलावा वर्तमान मे सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहे भगवान श्री राम के गाने, मेरे घर राम आए है एवं युग राम राज का आया है के गाने में शानदार प्रस्तुति दी गई। करकेली के सभी विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति को देखकर कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह देश भक्ति एवं राम के नाम मे लीन हो गए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह के द्वारा सभी विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से.विधायक शिवनारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रियंका मून सिंह, जनपद सदस्य नवीन कठौतिया, समाजसेवी भैया बहादुर सिंह सहित गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक भी मौजूद रहे।




# गणतंत्र दिवस पर जोहिला एरिया के महाप्रबंधक ने श्रम वीरों को किया सम्मानित

**नौरोजाबाद।** 26 जनवरी के पावन पर्व पर एसईसीएल जोहिला एरिया के कालरी ग्राउंड में नगर के कालरी ग्राउंड में जोहिला एरिया के महाप्रबंधक कैलाश चंद्र साहू ने राष्ट्रध्वज की सलामी देकर ध्वजारोहण किया, मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर दीप प्रज्वलित के उपरान्त एसईसीएल के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा के सन्देश वाचन कर किया गया। तत्पश्चात नौरोजाबाद नगर के आसपास के विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मन मोहक प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि महाप्रबंधक जोहिला एरिया कैलाश चंद्र साहू के द्वारा जोहिला एरिया के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमवीरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात महाप्रबंधक जोहिला एरिया के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन एपीएम बी. एस. राव के द्वारा किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने में नौरोजाबाद सबेरिया सनत तिवारी एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक जोहिला एरिया कैलाश चंद्र साहू और उनके सभी कर्मचारी और अधिकारी तथा तथा एसईसीएल जोहिला एरिया के विभिन्न श्रमिक संगठनों के साथ-साथ सर्वोदय महिला मंडल की समस्त पदाधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय स्काउट परेड मार्च में लॉरेंस शाइन स्कूल रही अव्वल

जयसिंहनगर।

लॉरेंस शाइन इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक संस्कार शिशु शिक्षा निकेतन जयसिंहनगर द्वारा धूमधाम के साथ देश का 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। सीएम राइज हायर सेकेंडरी स्कूल के ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं स्काउट परेड मार्च स्पर्धा में भाग लिए, जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा लॉरेंस शाइन स्कूल के छात्रों का स्काउट परेड मार्च में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रथम स्थान से शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्काउट दल ने अपने इस सफलता से नगर एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया। विगत दो वर्षों से लारेंस शाइन स्कूल को स्काउट परेड मार्च में प्रथम स्थान का गौरव हासिल होता आ रहा है। विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती दुर्गा शुक्ला, प्राचार्य श्रीमती सीमा तिवारी, प्रधानाध्यापक जी. पी. यादव, वरिष्ठ शिक्षक विजय तिवारी सहित विद्यालय का पूरा स्टाफ स्काउट दल तथा स्काउट



शिक्षक रविंद्र सिंह सोलंकी, तरुणेन्द्र द्विवेदी एवं कैप्टन पृथ्वी तिवारी को बधाई दिए। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई रथ पर सुसज्जित भारत माता, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद तथा संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिधान में दिव्य झांकी निकाली गई। बैंड बाजा के साथ स्काउट परेड दल, फौजी दल के रूप में परेड की धुन पर कदमताल करते हुए बच्चों की रंग-बिरंगी टोली हाथ में तिरंगा लिए कदमों से कदम ताल करते हुए नगर के विभिन्न वार्डों में रैली के माध्यम से भ्रमण किये। राष्ट्रीय त्योहार को बड़े ही धूम-धाम से देश प्रेम से ओतप्रोत भारत माता एवं वंदे मातरम के जयकारों से नगर वासियों को देश प्रेम का भाव जगा कर भाव विभोर कर दिया। प्रभात फेरी में बच्चों के साथ-साथ नगर के गणमान्य व्यक्ति डॉ. जे. पी. मिश्रा, भाजपा नेता एवं अभिभावक निर्मल द्विवेदी, विमल द्विवेदी, राजेंद्र शुक्ला के साथ-साथ विद्यालय के अभिभावक भी रैली के साथ चलकर नन्हें-मुन्ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# एटीएम चौक में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष और नपा पसान उपाध्यक्ष भी हुये शामिल

जमुना/बदरा।

नगरपालिका पसान अंतर्गत मजदूर चौक में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों और नगरवासियों में उत्साह देखने को मिला। भालूमाड़ा का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह हर वर्ष की तरह इस बार भी एटीएम चौक में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सूर्यभान सिंह परिहार रिटायर्ड ऑफिसर पिता शहीद विनोद सिंह परिहार का नगर पालिका पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह और प्रदेश युवा सेना के सभी पदाधिकारी और कार्यकतार्ओं ने पुष्प माला, शॉल, श्रीफल, शील्ड भेंटकर सम्मानित किया उसके बाद स्वागत गीत और विभिन्न बच्चों के देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा भालूमाडा झूम उठा, तत्पश्चात मुख्य अतिथि सूर्यभान सिंह परिहार और उनके पोते राहुल ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों और मातृशक्तियों को शील्ड दे कर उत्साहवर्धन भी किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह और नगर पालिका पसान के उपाध्यक्ष अजय यादव ने सोशल मीडिया से दुष्प्रभाव से बचने वाले बच्चों के एक्ट को शील्ड के प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया वही भालूमाडा थाने में कार्यरत एस आई विनोद द्विवेदी का भी शाल श्रीफल देकर समिति ने







सम्मानित और स्वागत किया गया इस आयोजन एक शाम देश के नाम में सचिन तिवारी एवं उनकी पूरी टीम ने चार चांद लगा दिए और कई देशभक्ति कार्यक्रम दिए जिसमें मुख्य अतिथि सहित पूरे नगर वासी झूम उठे उसके बाद प्रदेश युवा सेवा के सभी पदाधिकारी और कार्यकतार्ओं ने राजू गुप्ता और आशीष मिश्रा एवं सभी मातृ शक्तियों के साथ सचिन तिवारी एवं उनकी पूरी टीम को फूल माला शॉल श्रीफल और शील्ड भेंटकर सम्मानित किया। स्वागत गीत और विभिन्न बच्चों के देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा भालूमाडा झूम उठा, तत्पश्चात मुख्य अतिथि सूर्यभान सिंह परिहार ने कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों और मातृशक्तियों को शील्ड दे कर उत्साहवर्धन भी किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमेश सिंह और नगर पालिका पसान के उपाध्यक्ष अजय यादव ने सोशल मीडिया से दुष्प्रभाव से बचने वाले बच्चों के एक्ट को शील्ड के प्रदान कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### मजदूर चौक पर रही सुरक्षा

इस मौके पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के काफी पुख्ता प्रबंध किए गए थे। कार्यक्रम स्थल में पुलिस के जवान तैनात थे। समारोह स्थल वाले मार्ग को सील कर दिया गया था। समारोह संपन्न होने के बाद रास्ते को खोल दिया गया। एक शाम देश के नाम कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय मानव अधिकार संगठन महिला इकाई की मीनू तिवारी, गोल्डी सिंह, नूपुर चटर्जी,सुमन राजू गुप्ता, दुर्गा चटर्जी, एवम प्रदेश युवा सेवा के पंकज पाण्डेय, अमित टोनू सिंह, बिलाल हुसैन, संजय कृष्ण त्रिपाठी, गोल्ला सिंह, जिम्मी सिंह,आरिफ भाई, कामता पटेल ,पिंटी भाई, सुभाष पटेल, अरविंद मिश्रा अलकॉम, मोहम्मद नूर, सुमेश मिश्रा, नीरज मिश्रा, अंकुश उपाध्याय, संदीप मिश्रा, सैम खान रोहित सिंह, बृजभान सिंह, सैफ खान सहित सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता नगर वासी व्यापारी उपस्थित रहे।



# कुलहरिया नाला से केरहा जल कुंड तक होगा सड़क मरम्मत का कार्य

**राजनगर।** क्षेत्र के अंतर्गत कुलहरिया नाला से केरहा प्राकृतिक जल कुंड तक जाने वाले वाली कच्ची सड़क जो काफी खराब थी। केरहा का पानी लेने के लिए के लिये आए दिन दोपहिया से जाने आने वाले लोग गढ्ढों में तथा रेत में फिसलकर गिर जाते थे। जिसकी खबर पूर्व में दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित भी किया जा चुका था। शनिवार को कोतमा विधानसभा के लाडले विधायक व मध्यप्रदेश शासन के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (कुटीर ग्रामोद्योग विभाग) स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, रामदास पुरी जिला अध्यक्ष भाजपा एवं सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद यादव का राजनगर बस स्टैंड में आगमन हुआ। इस दौरान स्थानीय पत्रकारों द्वारा के रहा सड़क मार्ग की समस्या को अवगत कराया गया। नगर में अधिक संख्या में लोग पीने के पानी के लिए के रहा प्राकृतिक जल कुंड का उपयोग करते हैं। डब्बे, गैलन में पानी भरकर लाते हैं। उक्त मार्ग काफी जर्जर है। जिससे पानी लेने जाने वाले लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई वह दिक्कत होती है। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। उक्त मार्ग की मरम्मत हेतु मंत्री से चर्चा की गई। मंत्री द्वारा इस मामले को संज्ञान में लेकर गंभीरता से विचार करते हुए। उस कच्ची सड़क का तत्काल दो पहिया और चार पहिया चलने योग सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि अति शीघ्र कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान पत्रकार सुमिता शर्मा, विजय जायसवाल, पंकज शर्मा उपस्थित रहे।

# पीएम श्री विद्यालय अमरकंटक में छात्रों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अमरकंटक।** पीएम श्री शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में प्रातः काल प्राचार्य द्वारा ध्वजारोहण पक्ष पूरे नगर में प्रभात फेरी निकालने के पश्चात प्रात 11 बजे से विद्यालय के छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय भक्ति से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबिका प्रसाद तिवारी, पूर्व अध्यक्ष अमरकंटक विकास प्राधिकरण एवं विशिष्ट अतिथि में नगर परिषद अमरकंटक की अध्यक्ष पार्वती बाई रज्जू सिंह नेताम उपाध्यक्ष नगर परिषद अमरकंटक एवं बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ एवं राम गोपाल द्विवेदी बबीता सिंह प्रकाश द्विवेदी श्रवण उपाध्याय उमाशंकर पांडे सहित अन्य अतिथि एवं समाजसेवी की उपस्थिति रही।




# केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक में गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति की गूँज



अमरकंटक।

केंद्रीय विद्यालय अमरकंटक में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत कुलपति व अध्यक्ष प्रो. प्रकाशमणि त्रिपाठी द्वारा ध्वज फहराने और राष्ट्रीय गान से हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला श्रीमती शीला त्रिपाठी, डॉ. आलोक श्रोत्रिय, श्रीमती हिना श्रोत्रिय, विद्यालय प्रथम महिला श्रीमती लता, कुलानुशासक प्रो. एमटीवी नागराजू, विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य और विश्वविद्यालय के सभी संकाय अध्यक्ष उपस्थित थे। स्वागत-भारत स्काउट एंड गाइड की कलर पार्टी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रतन कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले महापुरुषों का वेश धारणकर (प्रतीक के रूप में) उनके विचारों को प्रेषित कर झांकी दिखाई गई। प्राचार्य रतन कुमार अतिथियों का अभिनन्दन किया और गणतंत्र के नैतिक मूल्यों को बताते हुए कहा- हमारा कर्तव्य है कि हम देश की प्रगति के लिए कार्यकरें। उन्होंने कहा कि हम सभी को देश की समृद्धि के लिए सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। अपने वचनों के माध्यम से सम्पूर्ण वातावरण में शहीद देशभक्तों की कभी न भूलने वाली यादों को फिर सेता जाकर दिया। विद्यालय के सभी शिक्षकों और कार्यालय का कार्यक्रम की कामयाबीमें महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के सफलता के अंतिम चरण पर त्रिवेंद्रधर ने कार्यक्रम में योगदान देने वाले सभी शिक्षक, कार्यालय, और विद्यार्थियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात मिष्ठान्न वितरित किया गया।

## खबर संक्षेप



### प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का आकस्मिक निरीक्षण

**उमरिया।** जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण आर. एस. कनौजिया प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने किया। रविवार होने के कारण विचाराधीन एवं सजायाफ्ता बंदियो का बाल कटिंग, सेविंग कराया जा रहा था। जेल अधीक्षक श्री सारस मौके पर उपस्थित मिले। सुबह का नाश्ता में खिचड़ी वितरण किया जा रहा था। भोजन में आलू, गोभी की सब्जी, कढी, चावल व रोटी बनाया जा रहा था। भोजन की गुणवत्ता अच्छी थी। विचाराधीन एवं सजायफ्ता बंदियो ने बताया कि उनका नियमित चेकअप कराया जाता है और जिला जेल प्रशासन के विरूद्ध शिकायत दर्ज नहीं कराया गया। जेल परिसर में उचित साफ -सफाई होना पाया गया। जेल अधीक्षक श्री सारस का बंदियों पर अच्छा प्रशासन एवं नियंत्रण है। इसके साथ ही प्रबंधन का कार्य उचित रूप से होना पाया गया। न्यायाधीश द्वारा बंदियो के बैरको में जाकर उनके कपड़े, बिस्तर, टी.वी., पंखा, शौचालय साफ - सफाई को देखा। बंदियो से उनके प्रकरण में नियुक्त अधिवक्ता की जानकारी लेकर उनके प्रकरण की स्थिति के बारे मे बातचीत कर प्रकरण के निराकरण के बारे में समझाते हुये जानकारी दी गई।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 31 को

**उमरिया।** जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपील की गई है।

### प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज

**उमरिया।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष प्रधानमंत्री के द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा में मार्गदर्शन एवं तनाव मुक्त रहने हेतु 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में मार्गदर्शन दिया जावेगा। कार्यक्रम का दूरदर्शन, डीडी नेशनल, डीडी न्यूज, डीडी इंडिया से लाइव प्रसारण होगा एवं ऑल इंडिया रेडियो के सभी चौनल, पीएमओ वेबसाइट, यूट्यूब, एमओई, फेसबुक लाइव, स्वयंप्रभा चौनल एमओई, दीक्षा चौनल एमओई से भी सीधा प्रसारण होगा। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु पाँच-छः ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी-बड़ी स्क्रीनों को लगाया जाने के निर्देश दिए गए है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक एवं जन-सामान्य कार्यक्रम देखने हेतु आकर्षित हो एवं इसका लाभ उठा सकें।

### पुलिस ने बरामद की चोरी गई मोटर सायकिल

**कोतमा।** पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोरी के आरोपी को दस्तयाब कर चोरी गये मोटर सायकल की बरामदगी की गई। 24 जनवरी को फरियादी पाल सिंह पिता जयसिंह निवासी ग्राम पंचायत सरपंच दारसागर थाना भालूमाड़ा थाने मे शिकायत किया कि 24 जनवरी को कोतमा बाजार सामान लेने अपनी मोटर सायकल हीरो पैसन प्रो क्र.सी जी 10 एबी 7359 काले कलर से आया था, मोटर सायकल को खड़ी करके सामान ले रहा था जब सामान लेकर वापस आया तो मोटर सायकल क्र.सी.जी10-7359 एबी कीमती 40000 रुपए की नही थी। जिसकी शिकायत पर थाना कोतमा में धारा 379 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष ने की अयोध्या यात्रा



**जैतहरी।** भाजपा मंडल उपाध्यक्ष एवं स्वर्णकार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष शिव सराफ 21 जनवरी को अपनी बुलेट बाइक से अयोध्या गए थे जहां उन्होंने जैतहरी नगर के श्री राम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों से घी का एक-एक दीपक ले जाकर अयोध्या मंदिर में प्रज्जवलित किया ।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस पर मीसाबंदी को शाल श्रीफल से सम्मानित किया

**धनपुरी।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 26जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका धनपुरी सीएमओ प्रभात बरकड़े ,राम विशाल नापित, अपने टीम के साथ मोहम्मद हारुन की माता श्री को (लोकतंत्र सेनानी) मीसाबंदी का सम्मान घर आकर श्रीफल गुलदस्ता मीठा देकर सम्मानित किया गया । इसी तरह से धनपुरी नगर के वरिष्ठ तेज तर्रार वकील श्री बैजनाथ शर्मा जी को भी शाल श्रीफल मीठा देकर सम्मानित किया गया।

### महापौर ने 50 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**रीवा।** नगर निगम महापौर अजय मिश्रा बाबा द्वारा जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार शहर में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में महापौर द्वारा रविवार को 50 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों से कराया गया। वार्ड क्रमांक 41 में आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन वरिष्ठ नागरिक महेश अस्थानी द्वारा किया गया। जिसकी लागत 34 लाख रुपए है, जिससे बिछिया से मौलाना राव के घर तक सड़क व नाली का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 39 में स्थानीय लोगो की सुविधा के लिए बिछिया नदी में घाट निर्माण का भूमिपूजन महापौर की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक अतिउल्लाह खान द्वारा किया गया। बताया गया कि 16 लाख की लागत से यह निर्माण होगा। भूमिपूजन के दौरान महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि इन निर्माण कार्यो से जनता को राहत मिलेगी, जनता को मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं। वार्डो में स्थिति सुधरी है लेकिन अभी बहुत कार्य बाकी है। जनता मलूभूत सुविधाओं न मिलने से परेशान है। उन्होंने कहा कि यह जो निर्माण कार्य हो रहे हैं वह जनता के की मांग के अनुसार ही हो रहे हैं। जहां समस्याएं हैं व राहत देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान एमआईसी सदस्य आरती बक्सरिया, पार्षद सूफिया सहफूज खान, पूर्व पार्षद गुले अहमद, सोहन सिंह सहित कार्यपालन यंत्री एसएल दहायत, सहायक यंत्री संतोष पांडेय, उपयंत्री सुनील मिश्रा सहित स्थानीय रहवासी हमजा खान, अतिउल्लाह खान, मजीद खान, इस्लाम खान, आबाद खान, अनिल मिश्रा, अजय सोंधिया, मो.हारूक खान, रशीद खान, जाहिद खान व सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### एमपीटॉस पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**रीवा।** एमपीटॉस पोर्टल पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास नवीन एवं नवीनकरण आवेदन एवं डाटा अपलोड 31 जनवरी तक किये जा सकते हैं। इस संबंध में जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों से भी निर्धारित तिथि तक डाटा अपलोड करने तथा विद्यार्थियों से आवेदन कराना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं होने पर संबंधित संस्था प्रमुख जिम्मेदार होंगे।

### रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी को

**रीवा।** रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आगामी 31 जनवरी को किया जायेगा। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले रोजगार दिवस कार्यक्रम में विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में लाभांवित हितग्राहियों को स्वीकृति एवं वितरण पत्र प्रदान किये जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं ।

## उप क्षेत्रीय प्रबंधक ने 80 हजार रुपए के वर्क आर्डर पर कराया 4 लाख का काम

# ठेके पर काम कराया मनमानी, भुगतान में कर रहे आनाकानी

### भुगतान को लेकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर ठेकेदार

धनपुरी।

"मौका मिलते ही चौका मारने की प्रवृत्ति के चलते उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने 80 हजार रुपए के वर्क आर्डर के बदले चार लाख से अधिक का काम लेते हुए अपने निवास का कायाकल्प ठेकेदार से करवा लिया, अब जब भुगतान की बारी आई तो कान में रुई डालकर किनारे हो गए। किए गए कार्य के भुगतान के लिए ठेकेदार सिविल विभाग और एसईसीएल प्रबंधन के विभिन्न अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट-काट कर परेशान है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उपक्षेत्रीय प्रबंधक की इस कारस्तानी की शिकायत करते हुए ठेकेदार ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल बिलासपुर को शिकायत पत्र भेज कर तत्काल ठोस कार्यवाही करते हुए भुगतान राशि दिलाए जाने की मांग की है।

सीएमडी बिलासपुर को प्रेषित शिकायत में उल्लेख किया गया है कि विनय कुमार सिन्हा, उपक्षेत्रीय प्रबंधक अमलाई - बंगवार एवं दामनी उपक्षेत्र के बंगवार में शिफ्टिंग के दौरान जयसवाल कन्स्ट्रक्सन को पोताई एवं मरम्मत का कार्य मिला हुआ था। वर्क आर्डर स्वीकृत कार्य निर्धारित होने के बावजूद विनय कुमार सिन्हा, उपक्षेत्रीय प्रबंधक अमलाई -बंगवार एवं दामनी उपक्षेत्र, के द्वारा नया कमरा 10 x 10 का एवं पूरा रसोई घर को तोड़कर नया रसोई घर बनवाया गया एवं 04 नग टायलेट एवं बाथरूम का टाईल्स, कमोड एवं नया नल पाईप फिटिंग, पोताई




एवं आंगन का फर्स आदि का कार्य मेरे द्वारा कराये गये जिसकी लागत चार लाख रूपये है। ठेकेदार बार-बार यह कहता रहा कि आपका अस्सी हजार रूपये का वर्क आर्डर है और आप अतिरिक्त कार्य कराये जा रहें हैं, इसका भुगतान कैसे होगा, श्री विनय कुमार सिन्हा साहब के द्वारा कहा जाता था कि आप काम करो मै आपका सारा पैसा दिला दूँगा किन्तु कार्य होने के उपरान्त न तो वो बात करते हैं, न ही कोई भुगतान की प्रक्रिया अपनाते हैं।

पीड़ित ठेकेदार ने बताया कि इसकी जानकारी एस.ओ. (सिविल) सोहागपुर क्षेत्र एवं महाप्रबंधक सोहागपुर क्षेत्र को दो माह पूर्व दी गई किन्तु अभी तक किसी भी प्रकार का भुगतान संबंधी कार्यवाही नहीं की गई है। जिस पर एरिया गम के साथ ही सीएमडी को भी बिल न मिलने की शिकायत की गई। ठेकेदार के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद सोहागपुर एरिया जीएम ने कहा कि काम कराया है तो बिल देना पड़ेगा, जीएम ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक को बिल देने को कहा गया लेकिन आज तक जायसवाल कंट्रक्शन को बिल का भुगतान नहीं मिला ठेकेदार बिल को लेकर परेशान है।

#### दोबारा कायाकल्प

वही बताया जाता है कि बंगवार में पदस्य उपक्षेत्र प्रबंधक का स्थानांतरण राजेंद्र खैरहा माइंस के लिए हो गया है अब वही उपक्षेत्रीय प्रबंधक जो बंगवार में अपने बंगले में चार लाख रुपए खर्च कराया गया था जिसका बिल अभी तक ठेकेदार को नहीं मिला वही बताया जाता है कि राजेंद्र कॉलोनी में भी अपने बंगले को रहने के लिए चाक चौबंद करने में लगे हुए हैं। श्रमिक क्वार्टर को जो बद से बदतर स्थिति में देखा जा रहा है उसे कोई देखने वाला नहीं और कालरी प्रबंधन के द्वारा जितने क्वार्टर बदलते हैं हर बार क्वार्टर में लाखों रुपए खर्च कर अपने स्टाइल से बनवाते हैं और रहते हैं। काम करने के बाद बिल लेने में एरिया से बिलासपुर तक दौड़ना पड़ता है तब भी बिल नहीं मिलता सीएमडी के कहने के बाद भी बिल न मिले तो फिर ठेकेदार अपनी शिकायत किस करेंगे। पीड़ित ठेकेदार ने एरिया गम और कमांडर बिलासपुर से मांग की है कि उसके द्वारा कराए गए कार्य का उपभोक्ता कराया जाए।

## लीनेस क्लब बुढार का गणतंत्र दिवस कार्यक्रम संपन्न

### लीनेस क्लब बुढार की बहनों ने स्कूल के बच्चों के

धनपुरी।

लीनेस क्लब बुढार ने संकट मोचन प्राथमिक पाठशाला,बुढार के बच्चों के साथ पूरे उत्साह और उमंग के साथ गणतंत्र दिवस मनाया।ध्वजारोहण के



बाद नन्हे बच्चों ने बहुत ही मधुर आवाज में देशभक्ति गीत और प्रभु श्री राम जी के भक्ति गीत प्रस्तुत किए। जिन्हें सुनकर मन आनंदित हो गया लीनेस बहनों ने बच्चों को बूंदी के लड्डू, पारले G बिस्किट्स के पैकेट,केले और ड्राइंग के लिए कलर स्केच पेन सेट वितरित किए। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य महोदय,मैडम के साथ लीनेस बहनें अध्यक्ष लीनेस अर्चना ओझा,सचिव अंजू दुआ, कोषाध्यक्ष शैला गुप्ता, डा.आशा अग्रवाल, स्नेहलता गुप्ता, रजनी जैन, नागमणि मानिकपुरी, अंजना जैन,अंजू अग्रवाल, श्यामा गुप्ता की उपस्थिति रही।

## ब्यौहारी में जगह-जगह लहराया तिरंगा







ब्यौहारी।

75वीं गणतंत्र दिवस पर व्यवहारी विकासखंड मुख्यालय में जगह-जगह गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में हुआ जहां जनपद अध्यक्ष आकांछी प्रीतू सिंह ने ध्वजारोहण किया कार्यक्रम एसडीम नरेंद्र सिंह धुर्वे एसडीओपी रवि प्रकाश कोल उपस्थित रहे

#### विभिन्न स्कूलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए

एसडीओपी ऑफिस ब्यौहारी- अनुविभागीय पुलिस कार्यालय ब्यौहारी में एसडीओपी रवि प्रकाश कोल द्वारा ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में नगर निरीक्षक एम एल रंगडाले, ,मोहन पड़वार सहित सभी पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।उप जेल ब्यौहारी में- उप जेल मऊ व्यवहारी में अपर सत्र न्यायाधीश निसार अहमद द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर वंदियों के बैरक की जानकारी एवं कैदियों से जेल में मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा कैदियों द्वारा कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई उनके द्वारा बताया गया कि सभी सुविधाएं मिल रही है इसके अलावा कैदियों को विधिक के सहायता की भी जानकारी दी गई इस अवसर पर न्यायाधीश कमलेश साहू न्यायाधीश रानू वर्मा अनुविभागीय अधिकारी नरेंद्र सिंह धुर्वे ,जेलर शांति भूषण सिंह उपस्थित रहे।उत्तर वन मंडल कार्यालय में ब्यौहारी मे-उत्तर वन मंडल कार्यालय में ब्यौहारी में एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे द्वारा ध्वजारोहणकर परेड की सलामी ली उत्कृष्ट कार्य करने वाले बनकर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रजनीश त्रिपाठी रेंजर गोदवाल, संदीप गौतम रेंजर पूर्व,गिरवर थापा, दीपक पटेल, सहित समस्त वन स्टाफ उपस्थित रहा।संजय टाईगर रिजर्व बफर ब्यौहारी में -संजय टाइगर रिजर्व बफर ब्यौहारी में ध्वजारोहण कर धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया रेंजर शुभम खरे द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर डिप्टी रेंजर संतोष वर्मा सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।बीआईटी कॉलेज ब्यौहारी- बीआईटी कंप्यूटर कॉलेज व्यवहारी में ध्वजारोहण प्राणेंद्र उपाध्याय द्वारा किया गया इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर श्रीनिवास मिश्र राम सुशील मिश्रा एडवोकेट एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा । सरस्वती ज्ञान मंदिर व्यवहारी सरस्वती ज्ञान मंदिर व्यवहारी गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अशोक तिवारी द्वारा किया गया इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के संचालक देशराज सिंह विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य पूनम वर्मा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।अथर्व पैरामेडिकल-अथर्व पैरामेडिकल कॉलेज ब्यौहारी में ध्वजारोहण कॉलेज के डायरेक्टर डॉ ओम चौबे द्वारा किया गया इस अवसर पर कॉलेज की स्टाफ एवं पैरामेडिकल छात्राएं उपस्थित थे।

## सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बरतर में अधीक्षक की मनमानी

### दैनिक वेतन भोगी के भरोसे चल रहा है छात्रावास






#### विकास खंड कार्यालय में पदस्थ तिवारी बाबू का अभय दान मिल रहा

बुढ़ार।

विकास खंड के अंतर्गत संचालित होने वाले सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास बरतर जो की 50 सीटर है जहां की उपस्थिति कभी भी 15 छात्रों से ज्यादा कभी भी देखने को नहीं मिली, यहां की स्थिति यह है कि विधालयनीय छात्रों को प्रतिदिन केवल चावल,आलु की सब्जी खिलाकर खानापूर्ति की जा रही है, यहां तक कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के दिन भी मीनू के आधार पर स्वरुचि भोज तक छात्रों को नसीब नहीं हुआ।

दुरस्त गांव में होने वाले आदिवासी छात्रावासों में प्रभारी अधीक्षकों के द्वारा प्रत्येक दिवस हास्टल में नहीं पहुंचते हैं और पड़ोसी की चपरासी के भरोसे छात्रावास को छोड़कर चले जाते हैं, छात्रावासी छात्रों को भोजन आहार में क्या दिया जाता है इस बात की भी कोई जानकारी नहीं रहती है। हम बात कर रहे हैं जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर पर स्थित आदीवासी सीनियर छात्रावासों की है जहां छात्रों के साथ शासन की मंशानुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है।

#### छात्रों ने बताया

सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के प्रभारी अधीक्षक शीतल सिंह जो कभी-कभी छात्रावास आते हैं और हमेशा शराब के नाशे में रहते हैं, दैनिक वेतन भोगी राजभान सिंह के भरोसे छोड़कर चले जाते हैं,जो प्रत्येक छात्र के बीच केवल 100 ग्राम चावल और आलू 50 ग्राम की सब्जी खिलाकर खानापूर्ति कर रहे हैं। इन्हें विकास खंड कार्यालय का अभय दान मिला हुआ है जिसमें प्रमुख रूप से तिवारी बाबू की अहम भूमिका खुलकर सामने आ रही है।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ जिले भर में मनाया गया

#### जिले भर में आन बान शान से लहराया तिरंगा

मऊगंज

जिले भर मे गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर जिले के नईगढ़ी,मऊगंज,हनुमना विकासखंड मुख्यालयके विभिन्न विभागों के कार्यालय,शासकीय ,अशासकीय स्कूलों सहित स्वयंसेवीसंगठनों सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टी कार्यालय के साथ पूरे अंचल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। संविधान के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश में गणतंत्र महोत्सव के रूप में मनाते हुए जगह जगह तिरंगा फहराया गया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर देश भक्ति के रंग में रंगे विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा जहां राष्ट्रभक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई।वही शासकीय विद्यालय में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम हुए।*थाना परिसर में तिरंगा फहरा कर दी तिरंगे को सलामी*गणतंत्र दिवस के पर्व पर थाना नईगढ़ी में थाना प्रभारी एमपी अहिरवार द्वारा तिरंगा फहराया गया तो वहीं उपस्थित पुलिस बल द्वारा राष्ट्रध्वज की सलामी दी गई। थाना प्रभारी एमपी अहिरवार ने सभी उपस्थित पुलिस जवानों को कर्तव्य का पाठ पढ़ाया। तों वही परेड के साथ तिरंगे की सलामी के मौके पर उपस्थित एसआई यू एन तिवारी, एएसआई पवन कुमार अवस्थी, एएसआई तीरथ साकेत, प्रधान आरक्षक आंनद मणि अग्निहोत्री, प्रधान आरक्षक मुंशीलाल, आरक्षक वीरभद्र सिंह, आरक्षक सूरज तिवारी, आरक्षक अमित पांडे, आरक्षक संतोष मीणा, आरक्षक मुकेश अहिरवार, आरक्षक रविंद्र कुशवाहा, आरक्षक सुजीत शर्मा, आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक अमित पांडे, आरक्षक मनीष पांडे, आरक्षक संजय बागरी सहित पुलिस स्टॉप के द्वारा परेड के साथ दी गई सलामी।

## तीसरे दिन प्रताप में छलांग लगाने वाले युवक का झाड़ियों के बीच मिला शव





#### ग्रामीणों के सहयोग से निकलवाया गया बहुती प्रपात से शव

मऊगंज

जिले के नईगढी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बहुती जलप्रपात में कथित रूप से एक युवक द्वारा छलांग लगाए जाने की जानकारी होते ही पीड़ित परिवार जनों सहित पूरे क्षेत्र में सन्नाटा खिंच गया। कथित रूप जल प्रतात में कूदे युवक की तलाश में आपदा प्रबंधन की टीम पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से रविवार को प्रपात में उतरी काफी गहराई घना जंगल एवं कठिन मार्ग से गुजरते हुए आपदा प्रबंधन टीम को मिली सफलता। झाड़ियां के बीच फंसा मिला युवक का शव ग्रामीण जनों के सहयोग से प्रताप से बाहर निकलवाया गया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊगंज जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले समीपवर्ती करह गांव निवासी 22 वर्षीय युवक आदर्श सिंह उर्फ मोनू पिता राजपती सिंह हैदराबाद से चलकर शुकवार को बस में बैठकर अपने गांव की ओर निकला था। पीड़ित परिवार की माने तो युवक अपने गांव से करीब 3 किलोमीटर पहले बहुती में बस से उतर गया। और प्रताप के किनारे पहुंच कर परिवार जनों को मोबाइल पर सूचना दिया कि हम प्रताप में कूद कर आत्महत्या करने जा रहे हैं। युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने की जानकारी होते ही परिवार के लोग बहुती जलप्रपात की ओर भाग निकले। परिवार के लोग जब बहुती जलप्रपात के किनारे पहुंचे तो युवक का प्रपात के किनारे बैग पाया जिसमें युवक के रिकार्ड सहित कपड़े आदि भरे मिले। लेकिन युवक का प्रपात के आसपास कहीं भी पता नहीं चला। परिजनों द्वारा खोजबीन यहां तक की ग्रामीण प्रपात के नीचे उतरे और कथित रूप से प्रपात में छलांग लगाने वाले युवक की तलाश किया लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। इधर शनिवार को नईगढ़ी थाना पुलिस एवं रीवा से पहुंची आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा जल प्रपात के अंदर उतरकर युवक की तलाश किए जाने का प्रयास किया गया लेकिन घना जंगल पथरीला मार्ग के होने एवं रात्रि हो जाने कारण सफलता हासिल नहीं हुई। तो वही रविवार की सुबह पुलिस,आपदा प्रबंधन टीम एवं ग्रामीण जनों द्वारा युवक की तलाश जारी की गई। जिसमें नईगढ़ी पुलिस एवं आपदा प्रबंधन की टीम को सफलता मिली। झाड़ियां के बीच फंसा मिला सब, कड़ी मस्सक़त के बाद बहुती प्रताप से बाहर निकलवाया गया सब। कानूनी प्रक्रिया उपरांत सब का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। वही नईगढ़ी पुलिस द्वारा घटना को जांच में लिया गया है।

# तालाबंदी से नाराज ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र घेरा

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा समुचित इलाज, सीएचओ को दर्ज कराई शिकायत

अनूपपुर।

जिले के कोतमा अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र खोडरी नं. 01 में आए दिन तालाबंदी होने से नाराज ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर स्वास्थ्य केंद्र का घेराव किया, इसके साथ ही वहां उपस्थित सीएचओ से इस पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

### ग्रामीणों ने घेराव कर जताया आक्रोश

जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र में आए दिन तालाबंदी होने तथा कर्मचारियों के महीनों तक ड्यूटी पर उपस्थित न होने की वजह से लोगों को कठनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसी वजह से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। जिसको लेकर आज आक्रोशित होकर ग्रामीणों के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का घेराव करते हुए वहां उपस्थित सीएचओ से इसपर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कलेक्टर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनूपपुर से करते हुए कार्रवाई की मांग भी की है। इधर, आक्रोशित ग्रामीणों ने बताया कि खोडरी नंबर 1 में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र जहां वर्तमान में तीन कर्मचारियों की पद स्थापना है और आए दिन बीते कई महीनो से केंद्र में ताला भी लटक रहा है। वहीं यहां पदस्थ कर्मचारी ड्यूटी पर बिना आए ही वेतन भुगतान हर महीने प्राप्त कर रहे हैं।




### 25 किलोमीटर दूर जाने की मजबूरी

ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटकने की वजह से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा जाना पड़ता है, जोकि यहां से 25 किलोमीटर दूर है और ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से यहां आने-जाने का कोई साधन भी उपलब्ध नहीं हो पता है।

### ड्यूटी नहीं कर रहे कर्मचारी

ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के समीप ही एएनएम आवासीय भवन लाखों रुपए की लागत से बनाया गया है, जिससे कि कर्मचारी गांव में ही रहकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए, लेकिन यहां पदस्थ स्टाफ कोतमा सहित अन्य नगरीय क्षेत्र में रहकर सिर्फ अधिकारियों के निरीक्षण के समय ही चिकित्सालय में पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### युवकों को जय श्रीराम का नारा लगाना पड़ा भारी

**अनूपपुर।** कोतमा थाना क्षेत्र में शनिवार जय श्रीराम के नारे लगाते हुए रास्ते से जा रहे युवकों का रास्ता रोक कर समाज विशेष के लोगों द्वारा मारपीट करने की शिकायत पर रविवार को कोतमा थाने में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं वहीं कोतमा थाना प्रभारी के अनुसार इसमें नाबालिगों की संख्या की जानकारी मामले की जांच के बाद पता चलेगा। फरियादी नवीन दीवान ने बताया कि शनिवार को अपने दोस्त अजय सिंह, ओम गुप्ता, कृष्णा चौबे, ऋषभ सोनी के साथ स्कूल का वार्षिक उत्सव देखकर लौट रहे था। तभी हारून के टाल के पास रास्ते में समाज विशेष के शोहराब अरसफी, सिफान मंसूरी, फरहान मंसूरी, मोहम्मद आसिक, अयान खान, एकलाक अरसफी एवं ताहा खान ने जय श्रीराम के नारे लगाने पर रास्ते में रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट किया। नवीन ने बताया कि उन्होंने मुझे चांटा मारा और ऋषभ सोनी, अजय राणा से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान ओम गुप्ता, शरद शर्मा, कृष्णा चौबे और सुजल सैनी भी वहां मौजूद थे। मारपीट से मुझे गर्दन, बाए कान, पीठ में चोट आई है। ऋषभ सोनी के सिर, चेहरे, गले, पीठ और अजय सिंह राणा के चेहरे, पीठ और दाहिने पैर में चोट आई है। कोतमा थाना प्रभारी सुंद्रेश मरावी ने बताया कि मामले में शोहराब अरसफी, सिफान मंसूरी, फरहान मंसूरी, मोहम्मद आसिक, अयान खान, एकलाक अरसफी एवं ताहा खान के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### फुटबॉल ग्राउंड चचाई में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम हुआ आयोजित



**चचाई।** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के फुटबॉल ग्राउंड में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सरस्वती स्कूल आरसी स्कूल एवं शासकीय स्कूल के बच्चों सहित विद्युत नगरी के अधिकारी कर्मचारी व आम नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समारोह के मुख्य अतिथि एमएल पटेल मुख्य अभियंता अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई रहे। सुबह 9 बजे सर्वप्रथम ध्वजारोहण हुआ परेड की सलामी के बाद तीनों स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया साथ ही डंबल अग्नि चक्र पिरामिड भाषण एवं झांकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित भी किया गया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान व सरस्वती को द्वितीय आरसी स्कूल को तृतीय स्थान प्रदान कर पुरस्कार दिया गया। फुटबॉल ग्राउंड में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में कई अवस्थाएं भी देखी गई जिसमें स्कूली बच्चे पानी के लिए भटकते दिखे साथ ही कार्यक्रम काफी देर 1 बजे तक चलने के कारण सैकड़ो स्कूली बच्चे तेज धूप में बैठे काफी परेशान दिखे वही मंडल द्वारा स्कूली बच्चों को बूंदी तक का वितरण भी नहीं किया गया जो मंडल की अवस्था को दर्शाता है।

### भारत पर्व पर लोक नृत्य एवं लोक गायन की प्रस्तुति से श्रोता हुए सराबोर



**अनूपपुर।** भारत की संस्कृति से आमजन को परिचित कराने के उद्देश्य से गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में किया गया। भारत पर्व का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर श्रीमती दीपशिखा भगत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अनूपपुर अनंत धुर्वे, तहसीलदार अनूपपुर गौरीशंकर शर्मा, नायब तहसीलदार एम.डी. चक्रवती, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिक, व्यापारी, दर्शक तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।



## अमरकंटक के रामघाट में प्रारंभ हुआ नि:शुल्क नर्मदा भोग

अमरकंटक।

मां नर्मदा जी के प्रथम घाट रामघाट तीर्थराज पवित्र नगरी अमरकंटक उत्तर तट में सभी परिक्रमा वासी तीर्थयात्री एवं श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन निःशुल्क मां नर्मदा भोग वितरण प्रारंभ किया गया। जो भी श्रद्धालु परिक्रमा वासी तीर्थयात्री अमरकंटक मां नर्मदा जी के दर्शन के लिए आए वह रामघाट पर आकर निःशुल्क मां नर्मदा जी का प्रसाद ग्रहण कर सकते हैं। यह प्रसाद प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक रामघाट पवित्र नगरी अमरकंटक में वितरण होगा। सत्प्रेरणा मां नर्मदा जी पूज्य गुरुदेव सीताराम महाराज चक्रतीर्थ अमरकंटक पूज्य हिमाद्रि मुनि महाराज श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक पूज्य हरिहरानंद महाराज मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक पूज्य रामभूषण महाराज शांति कुटी आश्रम अमरकंटक वन्दे महाराज प्रधान पुजारी मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक सुदर्शन महाराज प्रधान पुजारी मां वैष्णो देवी मंदिर कटरा जम्मू कश्मीर धीरज पांडे प्रधान पुजारी मां शारदा मंदिर मैहर सहयोग विक्की द्विवेदी सांसद प्रतिनिधि अमरकंटक राजेश बर्मन अमित साहू अमरकंटक आयोजक पं आकाश द्विवेदी शुक्ल यजुर्वेद कर्मकांड ज्योतिष दिव्यानी मां नर्मदा महाआरती रामघाट तीर्थराज पवित्र नगरी अमरकंटक होंगे।

### डीवीएम पब्लिक स्कूल में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**अनूपपुर।** में 75वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से स्कूल प्रांगण में मनाया गया ध्वजारोहण विद्यालय की क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुशीला कुलवंत ने किया विद्यालय में सभी अभिभावक बच्चों अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की सुंदरता बढ़ाई बच्चों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया सभी छात्र-छात्राएं शिक्षक -शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## खाकी वर्दी की सरपरस्ती में बेलगाम हुये अपराधी






### अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत हो रही चरितार्थ, शिक्षा का मंदिर भी नहीं अछूता

### कानून व्यवस्था को लेकर राज्यमंत्री को गहन मंथन की जरूरत

कोतमा।

नगर में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। नगर में खुलेआम कबाड़ के व्यवसाय संचालित हो रहे हैं। नगर में आए दिन लोगों के घरों के ताले टूट रहे हैं ठगी हो रही है लूट की घटनाएं भी आए दिन घटित हो रही है। जिले के हालात यह है कि अंधेर नगरी चौपट राजा की कहावत चरितार्थ हो रही है। आम नागरिकों का तो कोतमा पुलिस से भरोसा ही उठने लगा है। वर्तमान में लोग अपने आप को अब सुरक्षित महसूस करने लगे हैं जिस तरह से हालात हैं वैसे में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप जायसवाल को मंथन करते हुए जिले जिले की कानून व्यवस्था को लेकर आम नागरिकों एवं अधिकारियों की बैठक करते हुए कोतमा क्षेत्र में बिगड़ रही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने की पहल करनी चाहिए। वर्तमान में हालात यह है कि लोग अब अपने घरों को छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहते हैं उन्हें यह डर सता रहा है कि यदि हम घर छोड़कर कहीं बाहर जाएंगे तो कहीं चोर चोरी ना कर ले। कोतमा पुलिस पूर्व की चोरियों का खुलासा नहीं कर पाई है कि फिर कोई ना कोई चोरी की घटना घटित हो जाती है और पुलिस लिखित में शिकायत लेकर जांच करने की बात कहती है। जबकि प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा सभी पुलिस के संभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देखते हुए कहा है कि थाना क्षेत्र में यदि कानून व्यवस्था बिगड़ती है तो उन्हें उसे थाना के बाल को तत्काल ही बदलते हुए कानून व्यवस्था दुरुस्त करें थाना क्षेत्र में अवैध शराब कबाड़ के व्यवसाययों पर अंकुश लगाने की बात कही है, लेकिन कोतमा नगर में ठीक उल्टा ही देखने को मिल रहा है यहां अपराधियों का हौसला बुलंद है आम नागरिकों की हालत पस्त है।

### मंदिरों को भी नहीं बख्श रहे चोर

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में स्थित ग्रीन वैली में नवनिर्मित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा स्टोर के कमरे की दीवार तोड़कर उसमें लगे टुल्लू पंप, गैती, फावड़ा, पांच बोरी सीमेंट चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब नरेंद्र जैन को जानकारी लगी तो उन्होंने जाकर देखा कि स्टोर की दीवार में सेंड मेरी करते हुए अज्ञात चोरों ने उसमें रखे सामानों को चोरी कर लिया है जिसकी लिखित शिकायत उनके द्वारा गुरुवार को कोतमा थाने में की गई लेकिन पुलिस लिखित शिकायत लेते हुए जांच करने की बात कह रही है।

### शिक्षा के मंदिर में भी चोरी

बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात नगर के वार्ड क्रमांक 2 में बने विवेक शिक्षा निकेतन स्कूल में अज्ञात चोरों ने स्कूल की दीवार बांधकर ऑफिस का ताला तोड़ते हुए दराज में रखें लगभग 2700 रुपए की चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब विद्यालय में शिक्षा का है और आप ही में जाकर देखा कि वहां का ताला टूटा हुआ है दराज भी खुला पड़ा है दराज में 2700 रुपए रखे थे वह पैसे नहीं थे जिसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन के द्वारा की गई है। इसी तरह वार्ड क्रमांक एक शारदा काली मंदिर के पास शिक्षा का मंदिर सातमन्यु विद्यालय में भी अज्ञात चोरों के द्वारा विद्यालय के कमरे के दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे के अंदर रखी अलमारी का ताला तोड़ा और विद्यालय में रखे दीवाल घड़ी टंकी बाल्टी की चोरी कर ले गए। गुरुवार की सुबह जब विद्यालय के शिक्षक स्कूल खोलने आए तो देखें कि विद्यालय के कमरे का ताला टूटा हुआ है कमरे के अंदर रखी टंकी बाल्टी एवं दीवाल घड़ी चोरी हो गई है जिसकी भी शिकायत विद्यालय प्रबंधन के द्वारा थाने में की गई है।

### शिकायत जिन पर कार्यवाही सिफर

26 दिसंबर को नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी आयुष खटोड़ ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके घर के सामने खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है उसने पुलिस को सीसी फुटेज भी उपलब्ध करवाया था। इसी तरह 11 जनवरी की रात नगर के बीच बाजार गांधी चौक के पास से कैलाश गोयल की दो पहिया प्लेटीना मोटरसाइकिल रात्रि में घर के सामने खड़ी थी अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया जिसकी शिकायत उसके द्वारा थाने में की गई थी। इसी तरह आजाद चौक के पास कपड़े की दुकान के सामने से मुडधोवा गांव निवासी की दो पहिया मोटरसाइकिल शाम 6 बजे चोरी हो गई थी जिसकी भी लिखित शिकायत थाने में की गई थी लेकिन आज तक पुलिस उन चोरिया का भी खुलासा कर पाने में नाकाम साबित हुई। इसी तरह एक दर्जन से ज्यादा चोरियों का खुलासा पुलिस अभी तक नहीं कर पाई। आजाद चौक के पास से दिनदहाड़े किराना व्यवसायी फूलचंद अग्रवाल से 30000 की ठगी करते हुए ठगी की घटना घटित हुई थी। आए दिन नगर में हो रही चोरियों को लेकर नागरिकों ने संभाग के पुलिस अधिकारियों से कार्यवाही करवाते हुए चोरी का पर्दाफाश करवाने की बात कही है।

## अनूपपुर नपाध्यक्ष के दावेदार की चुनाव याचिका खारिज

### न्यायाधीश ने नपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रणाली एवं प्रक्रिया को घोषित किया वैध

अनूपपुर।

नगर पालिका परिषद अनूपपुर के अध्यक्ष पद मतदान एवं मतगणना 12.08.2023 चुनाव के विरूद्व चुनाव याचिका क्र0 01/2021 डॉ प्रवीण त्रिपाठी बनाम जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर वगै0 को माननीय जिला न्यायाधीश प्रथम अनूपपुर पंकज जायसवाल ने खारिज कर दिया। मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी अनूपपुर की ओर जिला शासकीय अभिभाषक अनूपपुर पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की पैरवी। जिला शासकीय अभिभाषक अनूपपुर पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया कि अनूपपुर नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद हेतु अप्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रथम सम्मिलन अर्थात अध्यक्ष पद तथा उपाध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन तिथि 12.08.2022 नियत की गयी थी। जिसके अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रथम सम्मिलन में उपस्थित सभी निर्वाचित पार्षदों के हस्ताक्षर कराये जाने के पश्चात अध्यक्ष के निर्वाचन के संबंध में जानकारी देते हुये निर्वाचन कार्यक्रम बनाया गया तथा नगर पालिका परिषद अनूपपुर के सूचना पटल पर निर्वाचन कार्यक्रम चस्पा किया गया। अध्यक्ष पद हेतु 02 नाम दाखिल हुये थे जिसमें से 01 श्रीमती अंजुलिका सिंह एवं 02 डॉ. प्रवीण त्रिपाठी का था। श्रीमती अंजुलिका सिंह को 8 मत एवं डॉ. प्रवीण त्रिपाठी को 07 मत प्राप्त हुये। जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी वर्तमान अनपपुर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा ने विजयी प्रत्याशी श्रीमती अंजुलिका सिंह को नगर पालिका परिषद अनूपपुर के अध्यक्ष हेतु विजयी होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया प्रणाली से व्यथित होकर याचिकाकर्ता डॉ प्रवीण त्रिपाठी ने जिला न्यायालय अनूपपुर में धारा 20,21,22 मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत चुनाव याचिका क्र0 01/23 दायर किया। जिसकी विधिवत सुनवाई कर माननीय जिला न्यायाधीश प्रथम अनूपपुर ने 25 जनवरी को निर्णय घोषित करते हुये निर्वाचन प्रणाली एवं प्रक्रिया को वैध घोषित कर दिया और याचिकाकर्ता डॉ प्रवीण त्रिपाठी के याचिका/दावा को निरस्त कर दिया।




## केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर में मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस

**अमरकंटक।** 26 जनवरी को केंद्रीय विद्यालय अनूपपुर में 75वां गणतंत्र दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर छात्रों द्वारा तोरण, बंदनवार, पुष्प मालाओं गुब्बरों से विद्यालय को दुल्हन की तरह सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट एंव गाइड की कलर पार्टी ने प्राचार्य को सलामी देते हुए मंचासीन कराया। प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कुमारी सृष्टि सिंह एवं मास्टर विष्णु प्रताप सिंह ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं के द्वारा मनोहरी नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को 75वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को 'गणतंत्र' शब्द के आशय को समझाते हुए उनसे देश के कर्मठ, निष्ठावान, साहसी, आदर्श, एवं सुयोग्य तथा समर्थवान नागरिक बनने का आह्वान किया ताकि हमारा देश विश्व पटल पर अग्रणी सूची मे सम्मिलित हो। श्रीमती सुमोना सेन गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती वी. डेविडसन ने किया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।






## नर्मदा के तट बेलघाट में आयोजित हुआ अनुभूति कार्यक्रम

### पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने जन्मदिन पर लगाना चाहिए पौधा-फुदेलाल

अनूपपुर।

जिले के राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र के बेलघाट मे खाटी विद्यालय की 130 छात्रा-छात्राओं की उपस्थिति में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए पुष्पराजगढ़ विधानसभा के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण के संरक्षण हेतु अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक-एक पेड़ लगाते हुए मांता-पिता द्वारा किए जा रहे हमारे लालन-पालन की तरह लालन-पालन करना चाहिए यदि वृक्ष रहेंगे तो हम सभी जीवित रहेंगे अन्यथा बड़े-बड़े शहरों की तरह हमें भी प्राकृतिक ऑक्सीजन की जगह ऑक्सीजन खरीद कर उपयोग कर जीवित रहना पड़ सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अनूपपुर निर्माण समिति सभापति भुवनेश्वरी देवी ने कहा कि हम सभी को कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए ताकि हमारा भविष्य सुनहरा हो सके, अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एस,के,प्रजापति ने कहा कि हमारे जंगल की शान हमारा टाइगर यानी बाघ है जो एक छाते की तरह वनों एवं वन्यप्राणियों का संरक्षण करता है उन्होंने वन विभाग में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के संबंध में जानकारी देते हुए पदों के दायित्वो के संबंध में बच्चों को अवगत कराया एसडीओ वन राजेंद्रग्राम प्रदीप कुमार खत्री ने बच्चों को मां के पेट में सर्वाधिक समय तक गर्भ धारण कर उत्पन्न होते हाथी को सबसे अधिक बुद्धिमान बताते हुए बच्चों से बुद्धिमान के साथ-साथ एक अच्छा नागरिक बनने का आन किया इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेंद्रगाम शिवम गोष्टी ने बच्चों से कहा कि वन रहेंगे तो हमारे पास धन रहेगा वर्तमान परिस्थितियों में वन से बड़ा धन कोई नहीं है वन से हमें ऑक्सीजन, लकडियां वन्यप्राणी, जडी-बूटी जैसे बहुतायत चीज प्राप्त होती हैं। कार्यक्रम दौरान प्रेरक शशिधर अग्रवाल ने बच्चों को सांपों की प्रजाति एवं उनसे बचाव के उपाय के साथ नर्मदा नदी के तट पर ध्यान कराते हुए पानी की लहरों की आवाज,उड़ते पक्षियों की आवाज, शांत वातावरण एवं चलती हवा का आभास के साथ चिपको आंदोलन की तरह धार्मिक स्थल बेलघाट जहां पर बेल के वृक्षो की अत्यधिक संख्या है में बच्चों को पेड़ों में चिपका कर चिपको आंदोलन की तरह वृक्षों को बचाने एवं उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया। इस दौरान प्रेरक एवं वनरक्षक नर्मदा प्रसाद पटेल ने मैं भी बाघ थीम के तहत नर्मदा नदी के रेत मैदान में बाघ के पगमार्क एवं अनुभूति के मानव श्रृंखला बनाई गई। इस दौरान खाटी के प्राचार्य रंगलाल सारीवान, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह नायक, ग्राम पंचायत खाटी सरपंच भद्रर सिंह, ग्राम पंचायत मोहदी सरपंच दशरथ सिंह मार्को, परिक्षेत्र सहायक कल्याण सिंह, सत्यदेव सिंह के साथ वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, वनरक्षक, सुरक्षा श्रमिक, विद्यालय के शिक्षिका-शिक्षक सम्मिलित हुये।